इस मैनुअल का उपयोग कैसे करें ?

इस मैनुअल का उपयोग मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा जल संरक्षण की विशेषज्ञ जानकारी हासिल करने के साथ ही साथ समुदाय को आगे शिक्षित करने के लिए एक संदर्भ या सीखने के उपकरण के रूप में किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण पाठयक्रम अलग से या किसी प्राथमिक या रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ समन्वित कर आयोजित किया जा सकता है।

प्रशिक्षकों के लिए सामान्य अनुदेश

- प्रशिक्षण आरम्भ करने से पहले नियमावली को शुरू से अंत तक अच्छी तरह से पढ़ लें।
- प्रशिक्षण के लिए दृश्यात्मक सामग्रियों की जुटाने की योजना तैयार कर लें।
- अभ्यास सत्र के लिए सभी आवश्यक स्टेशनरी / सामग्री की व्यवस्था कर लें।
- सामग्री के उत्पादन के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग करें।
- सभी प्रतिभागियों को समूह में सक्रिय करें।
- अभ्यास के लिए पर्याप्त समय दें।
- प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दौरान समीक्षा के लिए समय दें।

प्रत्येक खंड के अंत में सारांश बिंदु दिए गए हैं जो पाठकों को खंड की समीक्षा करने या खंड की सामग्री के सार को जानने में सहयोग करेंगे।

पूरे मैनुअल में बड़े पैमाने पर टेक्सट बॉक्स का उपयोग किया गया है। मैनुअल को परस्पर संवादात्मक बनाने के लिए इन बॉक्स में केस स्टडी (घंटना वृतांत), व्यावहारिक क्रियाकलाप, सुझाव व तथ्य से संबंधित सामग्री के प्रमुख अंश शामिल किये गए हैं।